## सार-समाचार

### सड़क पर गड्ढे, व्यापारी व लोग परेशान

**धोरीमना**, (निसं)। धोरीमना में एनसीआई सड़क की तमाम प्रकार की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने बैठक आयोजित हुई। वाहन चालकों ने बताया कि ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस सडक पर बारिश होने के कारण बडे बडे-बडे गड्ढे हो जाते हैं। लंबे समय तक पानी का भराव रहता है। छोटे बडे बाइक व वाहांन पानी मे गिर जाते ओर छोटे बडे एक्सीडेंट होते रहते हैं। सर्विस सडके आसपास के व्यापारियों ने कहा कि एनसाआई सर्विस सड़क के गड्ढों को भरने के लिए पहाड़ी के कचरे को लाकर डाल देते हैं। व्यापारियों ने बताया कि इस कचरे के ऊपर से छोटे बडे वाहनों के चलने के कारण पत्थर कई बार पत्थरों ने हमारे दुकानों का शीशा तोड दिया। कई बार छोटे-बडे पत्थर दुकानों के अंदर आकर गिर जाते हैं हर पल छोटी बडी दुर्घटना घटने की संभावना बनी रहती है पूरे दिन डेस्बिन उडता रहता है। इस गिट्टी के कारण हमारा धंधा भी पूरा सोपट हो गया है ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस सडक की हालत गंभीर स्थिति में है। सर्विस सडक के दोनों तरफ का व्यापारियों का धंधा पूरी तरह से खराब हो गया है। पूरे दिन हवा के साथ डेसबिन उडती रहती है। क्षतिग्रस्त गंभीर स्थिति अस्पताल के आगे मुख्य चौराहे के पास सांचौर रोड जगह-जगह पर सडक टूटी पडी है।ब्रिज के ऊपर लगी लाइटे लंबे समय से बंद पडी है, आए दिन छोटी बडी सर्विस सडक के कारण दुर्घटना होती रहती है। वाहन चालक राहगीर धोरीमना क्षेत्र के ग्रामीण बडी गंभीर समस्याओं से परेशान है। कई बार शासन प्रशासन को अवगत करवाने पर कोई सुनने वाला नहीं है। एनसाआई अधिकारी मुकेश चौधरी से बात कि तो उन्होंने बताया कि जांच करवा के सर्विस सड़क को ठीक करवाता हूं।

### कृषि मंडी में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**जालोर**,(का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को एनएएससी कॉम्पलेक्स पूसा, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री धनधान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई), दलहन आत्मनिर्भरता मिशन एवं अन्य कृषि योजनाओं का आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय पर स्थित कृषि उपज मण्डी जालोर के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में किया गया। कार्यक्रम में सांसद लुंबाराम चौधरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के फलस्वरुप देश का किसान सशक्त हो रहा है तथा कृषि आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक पटल पर तेजी से अग्रसर हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री धन्य धान्य योजना में जालोर जिले को सम्मिलित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे ग्रामीण सेवा शिविरों में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिकाधिक ग्रामीणों को लाभान्वित करने की बात कही। कार्यक्रम में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जसराज पुरोहित, पूर्व मंत्री भूपेन्द्र देवासी, प्रकाश छाजेड़, सुरेश राजपुरोहित, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी लादेश शर्मा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल जाट, आत्मा के उप निदेशक नरेंद्र सिंह राठौड़, उद्यानिकी विभाग के सहायक निदेशक जोगेन्द्र सिंह राठौड़, कृषि उपज मण्डी समिति जालोर के भेराराम सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कार्मिक व कृषक उपस्थित रहे।

### अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

**रेवदर**, (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से थीम मैं लड़की हूं, मैं बदलाव का नेतृत्व करती हूं, संकट की अग्रिम पंक्ति में लडकियां है पर आधारित कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय मीडिया प्रभारी जगदीश धारावत ने बताया कि विशेष प्रार्थना सभा मे बालिका सशक्तिकरण पर विचार प्रस्तुत किये गए व बालिकाओं की सुरक्षा एवं शिक्षा से संबंधित नीतियों पर बालिकाओं को जानकारी दी गयी। अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक दिन के लिए विद्यालय संचालन का दायित्व बालिकाओं को दिया गया। बालिकाओं ने उपस्थिति लेने से लगाकर कक्षाओं का संचालन करने तक सभी कार्य संपादित किये। पूर्ण अनुशासन से विद्यालय का संचालन किया गया। अन्तर्राष्टीय बालिका दिवस की थीम पर निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर एवं चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता आयोजित की किया गया। उपप्रधानाचार्य जयप्रकाश नागर ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता मे भावना चौधरी व सोनू परमार प्रथम व सपना लोहार व मितवा लोहार द्वितीय स्थान पर रही। विद्यालय संचालन में प्रधानाचार्य की भूमिका रेणुका कुमारी निभाई। शिक्षण कार्य में प्रथम साक्षी प्रजापत व मीनाक्षी पुरोहित प्रथम रही।इस अवसर पर व्याख्याता भरत वर्मा, शिक्षक छीनाराम धर्मेन्द्र खत्री, विक्रम कुमार, भानाराम, कुलदीप पुरोहित,जगदीश राव,उमेश कुमार व स्टाफ उपस्थिति थे।

### राज्य पुरस्कार जांच शिविर संपन्न

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट-गाइड मुख्यालय जालोर के तत्वाधान में जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार जांच शिविर सुन्धा माता पर्वत पर शिविर संचालक अनिल कुमार शर्मा एवं सी.ओ.स्काउट सवाई सिंह राठौड के दिशा निर्देशन अध्यक् में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनिल शर्मा द्वारा सभी परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई एवं सवाई सिंह राठौड द्वारा स्काउटिंग में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। जितेंद्र सिंह राठौड व्यवस्थापक-सुन्धामाता ट्रस्ट) ने उद्बोधन में कहा की यदि बालक-बालिका स्काउटिंग गतिविधि से जुडते हैं तो राष्ट - सेवा एवं समाज सेवा की भावना उत्पन्न होती है। इससे बालक-बालिका स्वावलंबी बनते हैं। इस अवसर पर दलपत सिंह जोधा, प्रताप दास वैष्णव,विरेन्द्र सिंह (सचिव), देराम विश्नोई, धीरा राम ,मदन सिंह बालोंत,मुकेश कुमार, हरि राम, लक्ष्मी मीना, राजेश कुमार, घनश्याम सिंह, दिनेश कुमार सोलंकी, , श्रवण सिंह, जुहार लाल, जोराराम,माधु सिंह, सावल सिंह, बलकेश ,हिमानी चौधरी,संगीता,जीमोल एवं स्काउटर गाइडर की सेवा सराहनीय रही। सर्व धर्म प्रार्थना के साथ शिविर का समापन हुआ।

### नोसर में 30 वर्ष पुराना अतिक्रमण हटा

**बालोतरा**,(नि.सं.)। ग्राम नोसर में लगभग 30 वर्षों से बंद पड़े आबादी क्षेत्र खसरा संख्या 489 के रास्ते को आखिरकार प्रशासन की तत्परता से खोल दिया गया। यह रास्ता करीब 30 घरों को जोड़ता था, जिसे लंबे समय से अतिक्रमण कर अवरुद्ध कर दिया गया था। ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान ग्रामीणों ने इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई। इस पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार रामस्वरूप जोहर तथा विकास अधिकारी हिमांशु चौधरी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शिविर के दौरान ही अतिक्रमण हटवाकर मार्ग को पुनः खुलवाया। रास्ता खुलने से ग्रामीणों में हर्ष और राहत का माहौल बन गया। इसी दौरान ग्राम पंचायत नोसर द्वारा लगभग 1 किलोमीटर लंबी ठोवल सड़क का निर्माण कार्य भी तुरंत प्रारंभ कराया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान सरपंच राजूसिंह राठौड़, ग्राम विकास अधिकारी किशनलाल मूंढ, पटवारी हेमाराम चौधरी एवं पुलिस जाब्ता मौजूद रहे। ग्रामीणों ने तहसीलदार एवं बीडीओ का आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रशासन की यह ग्रामीण विकास की दिशा में सराहनीय पहल है।

### बालोतरा में भाजपा संगठन का विस्तार

**बालोतरा**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड के निर्देशानुसार बालोतरा जिले की संगठन का विस्तार हुआ। जिला मीडिया प्रभारी राजेश पुरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष भरत मोदी के कार्यकारिणी जतन कंवर को जिला मंत्री मनोनीत किया एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष भरत मोदी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी राष्टीय नेतृत्व द्वारा चलाए जा रह यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन होगा। जिसमें लोकसभा में पदयात्रा में आने वाले 31 अक्टूबर से 25 नवंबर की मध्य 10 किमी तीन दिन यात्रा करना होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष भरत मोदी के निर्देशानुसार जिला संयोजक मालाराम बावरी, सह संयोजक हंसराज प्रजापत बाबूलाल मंजू को मनोनीत किया गया है।

### वुशू खिलाड़ी भावेश ग्वालियर रवाना

**जालोर**, (कासं)। आदर्श विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर के छात्र भावेश कुमार का अखिल भारतीय वुशू प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। शनिवार को भावेश व उनके प्रशिक्षक कन्हैयालाल मिश्रा को ग्वालियर मध्यप्रदेश में 12 से 14 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली अखिल भारतीय राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता के लिए विदाई दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर के प्रधानाचार्य नितिन ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता के तरुण वर्ग में अंडर 19 आयु वर्ग के 48 किलोग्राम भारवर्ग के लिए स्थानीय आदर्श विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर के छात्र भावेश कुमार ने अजमेर में गत माह आयोजित हुई क्षेत्रीय वुशू प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतकर क्वालीफाई किया था।

# जे.एन.वी.यू. की असिस्टेंट प्रोफेसर को टर्मिनेट किया

**जोधपुर**, (कांस)। राजस्थान हाईकोर्ट ने जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी द्वारा एक सहायक प्रोफेसर को नौकरी से टर्मिनेट करने के आदेश को सही ठहराया है। जस्टिस रेखा बोराणा ने अपने रिपोर्टेबल जजमेंट में प्रीति कल्ला की याचिका खारिज करते हुए कहा कि स्टडी लीव खत्म होने के बाद लगातार तीन साल तक ड्यूटी पर नहीं लौटना जानबूझकर गैरहाजिरी और नौकरी छोड़ना है। इसलिए नौकरी खत्म करने का निर्णय सही है।

दरअसल न्यू पावर हाउस रोड क्षेत्र निवासी प्रीति कल्ला को 14 फरवरी 1992 को जेएनवीयू में पार्ट टाइम टीचर के रूप में रखा गया था। बाद में रेगुलर भर्ती में उनका चयन हुआ और 12 अगस्त 1999 को इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति मिली। उसके बाद 28 अगस्त 2000 को उन्हें इस पद पर परमानेंट कर दिया गया। साल 2002 में कल्ला ने एमई करने के लिए स्टडी लीव के लिए आवेदन किया। तब 22 अक्टूबर 2002 को एक साल के लिए मंजूरी दी गई। कोर्स पूरा नहीं होने पर स्टडी लीव एक साल और बढ़ाई गई। याचिकाकर्ता कल्ला ने स्टडी लीव के लिए नियमानुसार बॉन्ड भी जमा किया था। इसके बाद उन्होंने तय समय में एमई की डिग्री पूरी कर ली, लेकिन पीएचडी करने के बहाने ड्यूटी पर नहीं लौटी।

जुलाई 2005 को विवि रजिस्ट्रार ने पत्र भेजकर 10 दिन में ड्यूटी ज्वाइन करने को कहा, नहीं तो इसे जानबूझकर गैरहाजिरी मान कार्रवाई की जाएगी। इसके जवाब में वाइस चांसलर से पीएचडी पूरी करने के लिए 3 साल की असाधारण छुट्टी मांगी। तब 10 नवंबर 2006 को फिर पत्र भेज कहा गया कि स्टडी लीव खत्म होने के बावजूद ड्यूटी ज्वाइन नहीं की गई है। दस दिन में ड्यूटी ज्वाइन करें। जवाब में फिर स्टडी लीव बढ़ाने की मांग की।

इसके बाद 26 अप्रैल 2007 को विवि ने सूचित किया कि लीव बढ़ाने की रिक्वेस्ट 11 मार्च 2007 के सिंडिकेट रेजोल्यूशन अनुसार रिजेक्ट कर दी गई है। इस नोटिस के एक महीने में ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने पर विवि नियमानुसार नौकरी खत्म कर दी जाएगी। आखिरकार 30 जुलाई 2007 को नौकरी खत्म कर दी गई। इसी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।

कल्ला के वकील आरएस सलूजा और अचराज सलूजा ने तर्क दिया कि सिंडिकेट रेजोल्यूशन में टर्मिनेशन का निर्देश नहीं था। नौकरी खत्म करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। यदि स्टडी लीव नहीं बढ़ाई जा सकती, तो कम से कम असाधारण छुट्टी तो मिलनी चाहिए थी। गैरहाजिरी को असाधारण छुट्टी में बदला जा सकता था। वहीं विवि के वकील पीआर. सिंह जोधा ने तर्क दिया कि स्टडी लीव खत्म होने के बाद ड्यूटी ज्वॉइन करना जरूरी था। कल्ला ने पीएचडी के लिए कभी फॉर्मल आवेदन नहीं किया, केवल लीव बढ़ाने की रिक्वेस्ट की। नियमों में एक कोर्स के लिए मिली स्टडी लीव को दूसरे कोर्स के लिए बढ़ाने का कोई प्रावधान नहीं है। याचिकाकर्ता असाधारण छुट्टी के लिए जरूरी सेवा के साल भी पूरे नहीं कर पाई थी। नियमानुसार पूरी नौकरी में कुल तीन साल की स्टडी लीव मिल सकती है और याचिकाकर्ता दो साल ले चुकी थी। उन्हें स्पष्ट बताया गया कि लीव बढ़ाने की रिक्वेस्ट रिजेक्ट हुई है। फिर भी उन्होंने ड्यूटी ज्वाइन नहीं की, इसलिए यह जानबूझकर गैरहाजिर है।

# आत्मनिर्भर भारत अभियान में कृषि विज्ञान केंद्र की अहम भूमिका : प्रतापपुरी

**पोकरण**, (नि.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प को लेकर देश को अग्रणी श्रेणी में ले जाने के उद्देश्य से संचालित अभियानों की सराहना करते हुए पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी महाराज ने कहा कि कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक नवाचार और आधुनिक तकनीक का समावेश ही भारत को सशक्त बनाने का आधार बनेगा। वे शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र, पोकरण में आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दशरथपसाद ने कार्यक्रम कृषि विभाग के अधिकारी तथा बडी संख्या में किसान उपस्थित रहे। महंत प्रताप पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल आर्थिक प्रगति का माध्यम नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा को पुनः जागृत करने का महायज्ञ है। कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों तक नई तकनीक और ज्ञान पहुंचाया जा रहा है। यह केंद्र किसानों को प्रशिक्षण, जागरूकता और नवाचार की दिशा में सशक्त बना रहे हैं। प्रधानमंत्री का 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' का विजन तभी साकार होगा जब किसान वैज्ञानिक सोच के साथ खेती करेंगे।उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना ग्राम विकास से होकर गुजरता है। जब किसान सशक्त होंगे, तब गाँव और देश दोनों मजबूत बनेंगे।

उन्होंने किसानों से जैविक खेती, प्राकृतिक खादों के उपयोग, जल संरक्षण एवं मृदा परीक्षण की नियमितता अपनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को बीज चयन, ड्रिप सिंचाई, फसल विविधीकरण और आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी। साथ ही सफल किसानों को सम्मानित भी किया गया।

अंत में महंत प्रतापपुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर आगे बढ रहा है और शीघ्र ही विश्व गुरु भारत के रूप में विश्व पटल पर एक नई पहचान स्थापित करेगा।

# सायला में लोगों ने स्मार्ट मीटर का विरोध किया

**सायला**, (निसं)। सायला उपखंड क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा स्वीकृत विद्युत कनेक्शनों के विद्युत मीटर के स्थान पर स्मार्ट विद्युत मीटर लगाने के विरोध में उपखंड अधिकारी के नाम तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी को ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में सभी श्रेणी में स्मार्ट मीटर (स्वैच्छिक) लगवाये जाने की योजना स्वीकृत है ।लेकिन स्मार्ट विद्युत मीटर राज्य सरकार की गाईडलाईन अनुसार स्मार्ट मीटर केवल मात्र सरकारी कार्यालयों मे लगवाना प्रस्तावित है। जबकि उक्त स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य प्राईवेट ठेकेदारों द्वारा सायला नगर पालिका क्षेत्र में आबादी भूमि में स्वीकृत तमाम विद्युत कनेक्शनों के स्मार्ट मीटर ठेकेदारों द्वारा जोर-जबरदस्ती एवं मकान मालिक की बिना सहमति के लगाने का कार्य किया जा रहा है।

राज्य सरकार की गाईडलाईन के विरूद्ध है। इसके बाद भी प्राईवेट ठेकेदारों द्वारा मकान मालिकों के साथ बदसलूकी कर जोर-जबरदस्ती कर उक्त स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे है। जिनको रोका जाना आमजन के हित में आवश्यक है।

प्राईवेट ठेकेदार द्वारा सायला में कुछ मोहल्लों में जोर जबरदस्ती कर उक्त स्मार्ट मीटर लगा दिये गये है।जिनको भी हटाकर उसके स्थान पर पूर्व मे लगे डिस्कॉम के विद्युत मीटर को पुनः लगाने के लिए सम्बंधित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित कराने की मांग की है।

स्मार्ट मीटर लगाने के लिए स्वयं कनेक्शन धारक द्वार डिस्कॉम कार्यालय मे उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर ही लगाने की मांग की है।अन्यथा प्राईवेट ठेकेदार द्वारा अनाश्यक रूप से किसी भी कनेक्शन धारक के उक्त स्मार्ट मीटर नही लगाया जाए। ज्ञापन में किसानों,व्यापारियों व ग्रामीणों ने शीघ्र ही निजी फर्म को उपभोक्ता की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर लगाने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

स्मार्ट मीटर लगाने वाली निजी फर्म की बोलेरो गाड़ी का पुलिस काले शीशे व बंपर लगा होने पर सीज कर चालान बनाया।

## शिविर में 51 यूनिट रक्तदान

**बालोतरा**, (निसं)। मुंगडा सर्कल स्थित मेगा हाईवे पर जसनाथ पेट्रोल पंप के सामने रामदेव रक्त कोष सेवा संस्थान, कामाक्षी हॉस्पिटल एवं आई माता शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में शहर और आसपास के क्षेत्रों से आए 51 उत्साही युवाओं ने मानव सेवा के लिए रक्तदान कर मिसाल पेश की। रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को सम्मानित पत्र और श्री फल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी, पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी, पुलिस अधीक्षक रमेश कुमार, जिला परिवहन अधिकारी भगवान गहलोत तथा भाजपा जिला अध्यक्ष भरत मोदी सहित कई जने उपस्थित रहे।

# मकावल में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही जिले में रेवदर के निकट भटाना कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत मकावल में आज शनिवार को ग्रामीण शिविर सेवा का आयोजन किया गया।

ग्राम विकास अधिकारी अम्बा राम ने बताया कि मकावल निवासी प्रभु राम भील विकलांग होने के कारण चल नहीं सकता था जिसके कारण कई महीनों से पेंशन बंद पडी हुई थी। आर्थिक स्थिति भी कमजोर होने के कारण परिवार का लालन पालन भी पेंशन के ऊपर ही चल रहा था वो भी पेंशन का वार्षिक सत्यापन नहीं होने के कारण पेंशन बंद पडी हुई थी आज विभाग के कर्मचारी ने घर जाकर प्रभु राम भील के पेंशन का सत्यापन कर पुनः पेंशन आज शनिवार से चालू की गई।

प्रभु राम भील ने बताया कि मेरी कई महीनों से बंद पेंशन चालू होने पर उसके खुशी का पहाड गिर गया। आज दिन उसके गरीब के लेगे बहुत अच्छा दिन रहा। शिविर में समस्त विभाग के अधिकारी गण लोग मौजूद रहे।

ग्राम विकास अधिकारी अम्बा राम,प्रशासक पवनी देवी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह राव,पटवारी मनीष राणा, संगीता कुमारी, अरुणा गर्ग, जन्नत बानू, नाथा राम कोली, हरिराम, प्रकाश कुमार सहित सैकडों ग्रामीण जन मौजूद रहे।

मकावल ग्राम पंचायत के अधीन ग्राम बूटडी में नियमित साफ सफाई नहीं हो रही, जबकि सरकार द्वारा रोज साफ सफाई करने का प्रावधान है। बूटडी ग्राम में कई वर्षो से आंगनवाडी केंद्र संचालित है लेकिन अभी तक ग्राम पंचायत द्वारा भूमि आवंटित नहीं होने के कारण निजी मकानों में आंगनवाडी केंद्र चल रहा हैं। अभी जहां केंद्र संचालित है वहां चारों तरफ बबूल की झाडियों से अटा पडा है आंगनवाडी केंद्र पर 0 से 5 साल के छोटे बच्चे ही जाते है लेकिन आंगनवाडी केंद्र बबूल की झाडियों से अटा पडा होने के कारण परिजनों को आंगनवाडी केंद्र भेजना मुश्किल हो गया है जिसके कारण कोई भी बच्चा आंगनवाडी केंद्र नहीं जाता है। मामाजी मंदिर से सामने से करन सिंह, बलवंत सिंह के घर के पीछे कचरे का ढेर पडा हुआ है उसकी सफाई नहीं हो रही है, उस मौके पर उत्तम सिंह राव, दुर्गसिंह राव, रामसिंह राव, डुगरसिंह राव, खीम सिंह राव, छेल सिंह राव, जेराराम भील, कालाराम रबारी आदि मौजूद रहे।

## कल्पतरू शॉपिंग सेंटर के पास युवकों का उत्पात

**जोधपुर**, (कांस)। शहर के कल्पतरू शॉपिंग सेंटर के स्थित आर्शापूर्णा मॉल के समीप शनिवार की तडक़े तीन युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। युवकों ने आस पास तोडफ़ोड़ करते हुए एक फास्टफू ड का ठेला भी उलट दिया। ठेला चालक ने इस बारे में शास्त्रीनगर थाने में शिकायत दी है।

घटना का वीडियो आज सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। अब शास्त्रीनगर पुलिस युवकों की पहचान कर तलाश में जुटी है।

प्रतापनगर एलएल कॉलोनी निवासी राकेश की तरफ से पुलिस में शिकायत दी गई है। इसमें बताया कि वह कल्पतरू शॉपिंग सेंटर स्थित आशापूर्णा मॉल के समीप अपना फास्ट फू ड का ठेला लगाता है। शनिवार की तडक़े चार बजे तीन युवक आते है और आस पास एरिया में उत्पात मचाते हुए फास्टफूड का ठेला उलट देते है।

# पाली में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की बैठक आयोजित

**पाली**, (नि.सं.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन एम डी चोपदार के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत आज मुस्तफा प्रभारी जिला पाली, आमीन महर सह प्रभारी ने पाली जिले में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला अध्यक्ष अजीज दर्द की अध्यक्षता में बैठक ली।

प्रभारी मुस्तफा व सह प्रभारी आमीन महर ने अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष बनाए जाने के लिए कार्यकर्ताओं से आवेदन लिए। सभी वरिष्ठ कांग्रेसजन वे कार्यकर्ताओं ने प्रभारी और सह प्रभारी का गर्मजोशी के साथ माल साफा पहना कर स्वागत सम्मान किया।

पाली विधायक भीमराज भाटी, अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष लाल मोहम्मद, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका हाकिम अब्बासी, हाजी महबूब टी ब्लॉक अध्यक्ष वर्तमान पार्षद , पूर्व पार्षद आमीन रंगरेज, मासूम अली मेव अध्यक्ष पाली जिला मैकेनिक वेलफेयर सोसायटी ,पूर्व चेयरमैन नगर निगम प्रदीप हिंगड़, असगर अली कुरैशी सोशल मीडिया प्रभारी पाली, सैयद साजिद अली एडवोकेट , इरशाद सिलावट,सलीम रंगरेज सह प्रभारी सिरोही, वजीर खान कायमखानी नायब सदर जिला वक्फ बोर्ड पाली, मोहम्मद सलीम कुरैशी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग बाली ब्लॉक, मोहम्मद साबिर जोया मुस्लिम मुसाफिर खाना वक्फ बोर्ड मेंबर पाली, सिराज अनवर , मोहम्मद जाहिद गौरी, रमजान, समरिया ,शाहिद जावेद ,अनवर सोजत, अरबाज खान ,शाहरुख रंगीला ,अकरम खरादी, गुलाब सिंधी, इसाक अली, सद्दाम हुसैन सिंधी, मोहसिन जोया, स्वरूप भाई भाटी, मोहसिन , असलम खान, इमरान लोहार , सोहेल , साजिद, समीर खान, शहजाद अली अब्बासी, तौसीफ, लाल मोहम्मद, शाहिद, कमरुद्दीन, असलम, ओवैस मोहम्मद, असगर अली, सिरोही ,जमील उर रहमान पार्षद, जुबेर खान प्रचार मंत्री, मोहम्मद इरशाद शकील अहमद, नागोरी मोहम्मद, सलामत, जावेद, शाहिद, पिन्नू अकरम अली, असलम एडवोकेट, मोहम्मद रफी मोहम्मद, युसूफ, आजाद ,इमरान टाइगर ,सोहेल, समीर खान, शहजाद अली, फरमान खान , गुलाम नबी , तौसीफ मंसूर चौहान आदि के के साथ संवाद किया तथा संगठन की मजबूती के लिए सभी के सम्पूर्ण सहयोग का प्रण लिया गया।

# स्तन कैंसर के प्रति किया जागरूक, रैली निकाली

**जोधपुर**, (कांस)। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय में स्तन कैंसर जागरूकता माह 2025 के अंतर्गत आज पिंक डे सेलीब्रेशंस और जनजागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया गया। यह माह विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों के अनुसार मनाया जा रहा है। पूरे अक्टूबर माह में विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न गतिविधियां जागरूकता व्याख्यान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता, सोशल मीडिया अवार्नेस जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है।

छात्र-छात्राएं एवं संकाय सदस्य गुलाबी परिधान में एकत्रित हुए, जो स्तन कैंसर के प्रति संवेदनशीलता और समर्थन का प्रतीक रहा। शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) महेन्द्र कुमार शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया।

उन्होंने कहा कि स्तन कैंसर को प्रारंभिक अवस्था में पहचानने से इसका उपचार सरल और प्रभावी हो सकता है। प्रत्येक महिला को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर कैंसर यूनिट की प्रभारी प्रोफेसर (डॉ.) रितु कपूर ने बताया कि अक्टूबर माह में विश्व स्वास्थ्य संगठन स्तन कैंसर जागरूकता अभियान चलाता है।

कार्यक्रम में चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. गोविन्द गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजाराम अठावाल, उप निदेशक डॉ. मनोज कुमार अदलखा , प्रो. नीलिमा रेड्डी, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा, डॉ. श्योराम शर्मा, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. अनीता, एवं डॉ. अरुणा तिवारी सहित कई जने उपस्थित रहे।

# गणपत गर्ग को सदस्य बनाया

**पोकरण**, (साबीर)। राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण ऑर्गेनाइजेशन (दिल्ली) के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. तपन अग्निहोत्री ने सामाजिक कार्यकर्ता गणपतराम गर्ग को संगठन का जैसलमेर जिला सदस्य मनोनीत किया है।

दलित अधिकार अभियान कमेटी के अध्यक्ष सुरेश नागौरा, उपाध्यक्ष चेतनराम भाटी, नखताराम पंवार, पूर्व अध्यक्ष शेराराम पूनड, उरमूल समिति के सीईओ रेंवताराम पंवार, रामचंद्र बारूपाल, मेघवाल समाज अध्यक्ष खेताराम लीलड, पूर्व अध्यक्ष भगाराम देवपाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन आनंदीलाल गुचिया, नेता प्रतिपक्ष नगरपालिका नारायण रंगा, एक्सईएन जीवनराम गर्ग, सरकारी वकील टीकूराम गर्ग, डॉ. बाबूलाल गर्ग, पत्रकार अशोक कुमार मेघवाल (फलोदी), एडवोकेट गोरधनराम जयपाल, शिवलाल मेवाडा, तनसिंह भाटी, हरजीराम पंवार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सांकडा राजूराम हीगडा, खटीक समाज अध्यक्ष दुलीचंद खींची, प्रधानाचार्य अशोक नागौरा, वरिष्ठ पत्रकार मनोहर जोशी, शिक्षाविद चेतनराम गर्ग सहित कई व्यक्तियों ने शुभकामनाएं दी।

सभी ने संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. तपन अग्निहोत्री का आभार जताते हुए कहा कि गर्ग के अनुभव, समर्पण व नेतृत्व से जैसलमेर जिले में मानवाधिकारों की सुरक्षा और जनजागरूकता को नई दिशा मिलेगी।

## गणित मेला संपन्न

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में विद्या भारती जोधपुर प्रान्त द्वारा प्रान्त स्तरीय गणित मेले का आयोजन मंडिया रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में 9 अक्टूबर शाम से 11 अक्टूबर तक किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी नितेश तोशावरा ने बताया कि गणित मेला का समापन समरोह शनिवार सुबह 9 बजे किया। तीन दिवस गणितीय प्रतियोगिता मेले मे 378 भैया बहनो ने भाग लिया।

# पाली में बालिका दिवस पर जिला कार्यक्रम हुआ

**पाली**, (नि.सं.)। जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता, पाली के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 के अवसर पर राजकीय बांगड़ महाविद्यालय के सभागार में 11 अक्टूबर को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, कार्यक्रम अध्यक्ष जिला कलक्टर एल. एन. मंत्री, नरेन्द्र सिंह देवडा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पूर्व सभापती महेन्द्र बोहरा, उपनिदेषक आईसीडीएस राजेष कुमार,, उपनिदेषक समाज कल्यण जे.पी. अरोड़ा, उपनिदेषक महिला अधिकारिता भागीरथ, प्रिंसिपल एएनएम ट्रेनिंग सेन्टर से केसी सेनी, महेन्द्र सिंह राजपुरोहित प्रिंसिपल राजकीय बांगड़ महाविद्यालय, विनीता कोका प्राचार्या राजकीय भंसाली महाविद्यालय, जिला भाजपा अध्यक्ष सुनील भंडारी, व समाजसेवी विमला मंत्री एवं राधेश्याम द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व अध्यक्ष द्वारा कक्षा 10 की जिले में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं क्रमंषः गोरी, डिम्पल व पुरावक्षी एवं व 12 की जिले में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं, विज्ञान वर्ग में क्रमंषः के विज्ञान वर्ग में अक्ष, ललीता व प्रियंका, कला वर्ग में मीनाक्षी, ऋतीका, प्रतिभा एवं वणिज्य वर्ग में रक्षा, मितल व खुषी रावल को व खेल क्षेत्र में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्षन कर जिले का नाम रोषन करने वाली सुमन, अभिलाषा, आराधना, निकिता एवं गुंजन को मेडल, बैग व प्रषस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

अतिथियों द्वारा कक्षा 10 व 12 में प्रथम को 5100, द्वितीय को 3100 व तृतीय को 2100 रू. और खेल क्षेत्र में प्रत्येक को राषि 2500 रू. का डमी चेक प्रदान किया गया।

## बगैर लाइसेंस पटाखा बेचने के दो और केस दर्ज

**जोधपुर**, (कांस)। पटाखें की दुकान सजनी शुरू हो गई है, मगर कुछ लोग बगैर लाइसेंस के दुकान लगाकर बैठे है। दो दिन पहले दो केस दर्ज हुए थे। अब फिर दो केस जिला पश्चिम में दर्ज किए गए है।

प्रतापनगर सदर पुलिस थाने के हैडकांस्टेबल सोहनलाल प्रतापनगर डब्बू बस्ती में पहुंचे। जहां पर शेरे राजस्थान कॉलोनी निवासी आकाश वाल्मिकी अवैध रूप से पटाखें की दुकान चलाते मिला। उसके पास में पटाखा लाइसेंस नहीं होने पर पटाखों को जब्त किया गया। विस्फोटक अधिनियम में केस दर्ज किया गया है। इसी प्रकार देवनगर पुलिस ने लुहार बस्ती मसूरिया में अर्जुन लुहार को अवैध रूप से पटाखा की दुकान लगाकर बैठने पर कार्रवाई की। उसने भी पटाखें का लाइसेंस नहीं ले रखा था। हैडकांस्टेबल सुनील ने वहां दशिब दी। केस दर्ज किया गया।


## कार्यालय नगरपरिषद जैसलमेर 345001 (राज.)

क्रमांक / भूमि / 2025-26/1784 दिनांक :-29.09.2025

### -:: आपत्ति आमंत्रण सूचना ::-

सभी सर्वसाधरण / संबधितों को सूचित किया जात है कि शहरी सेवा सीविर 2025 के अन्तर्गत निम्न आवेदकों द्वारा राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69 ए / स्टेट ग्राण्ट के अन्तर्गत विरचित नियम अकृषि भूमि का समपर्ण एवं आवटन नियम 2015 के अन्तर्गत फ्री होल्ड हेतु आवेदन किया है :-

| क्र. सं. | पत्रावली संख्या | ( 69 ए पट्टा, स्टेट ग्रान्ट | आवेदक का नाम | पिता / पति का नाम | पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 154 / 2021-22 | 69 ए | राणी | नखताराम प्रजापत | गडीसर पोल के पास जैसलमेर |

नोट :- 01. इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर किसी भी कार्य पर नगर परिषद कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष संबधित दस्तावेजो के साथ आपत्ति प्रस्तुत की जा सकती है

02. माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा S.B CIVIL WRIT PETITION 14065 / 2021 द्वारा सोनार दुर्ग से सरक्षित प्रतिबधित एवं विनियमित क्षेत्र द्वारा (300 मीटर तक ) भूमि / सम्पति पर नियमन हेतु स्थगन आदेश प्रभावी है अतः सोनार दुर्ग से 300 मीटर तक ऐरिया में नियमन हेतु कोई भी आवेदन प्रस्तुत नही करे । सबधित आवेदन स्वीकार नही किये जायेगे ।

यह आपत्ति सूचना आज दिनांक 29.09.25 को मेरे हस्ताक्षर और मुहर से जारी की जाती है ।

आयुक्त
नगर परिषद जैसलमेर